DAV PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
ANNUAL EXAMINATION, 2019-20
CLASS-III
SUBJECT-HINDI

Time : 2 Hrs **F.M. : 50**

सामान्य निर्देश:

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड और पन्द्रह प्रश्न हैं।
- खंड-क 3 अंक, खंड-ख 5 अंक, खंड-ग 20 अंक एवं खंड-घ 20 अंक के हैं।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
- प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर साफ़ और सुंदर अक्षरों में उत्तर दें।

खंड - क (पठन 5 अंक)

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (5x1=5)

भारतवर्ष नदियों का देश है। नदियाँ हमारा बड़ा उपकार करती हैं। हमारी प्यास बुझाती हैं। हमारी खेती को हरा-भरा रखती हैं। हमारे देश के बड़े-बड़े नगर नदियों के किनारे बसे हैं। नदियों के किनारे ही सभ्यता का विकास हुआ था। हमारे ऋषि-मुनियों ने नदी को माता कहा। आज भी लोग उन्हें गंगा मैया, यमुना मैया कहकर पुकारते हैं। लेकिन, आजकल नदियों का पानी गंदा होता जा रहा है। कारखानों का विषैला पानी इसमें बहा दिया जाता है। शहरों के गंदे नाले इसमें मिलकर उसे और गंदा कर रहे हैं। हम सबका यह कर्तव्य बनता है कि हम माता के समान इन नदियों को स्वच्छ रखें।

(क) नदियाँ हमारा क्या-क्या उपकार करती हैं ?
(ख) हमारे ऋषि-मुनियों ने नदी को क्या कहा है ?
(ग) किन्हीं दो नदियों के नाम लिखो।
(घ) आजकल नदियों का पानी कैसा होता जा रहा है ?
(ङ) हम सबका क्या कर्तव्य बनता है ?

खंड - ख (लेखन 5 अंक)

2. किसी एक विषय पर पत्र लिखिए। (1x5=5)
दुर्गा पूजा की छुट्टियाँ तुमने कैसे बिताई, इसका वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए ।

अथवा

दो दिनों के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को प्रार्थना पत्र लिखिए।

Scanned by CamScanner

खंड - ग (व्याकरण 20 अंक)

3. वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए। (4x1=4)
(क) फसलों का त्योहार
(ख) जो वन में रहे
(ग) पतंगों का त्योहार
(घ) जो काम से जी चुराए

4. विकल्पों में से चुनकर सही विलोम शब्द लिखिए। (3x1=3)
(क) प्रकाश – परिश्रम, अंधकार,काला,उजाला
(ख) पुराना – अच्छा, नया, नई, नवीन
(ग) गुण – दुर्गुण, बुरा, दुखी, प्रसन्न

5. नीचे दिए गए वाक्यों में सही स्थान पर विराम चिह्न लगाइए। (2x1=2)
(क) चिड़िया डाल पर बैठी है
(ख) तुम्हारे दादाजी कहाँ रहते हैं

6. विकल्पों में से चुनकर शब्दों के अर्थ लिखिए । (3x1=3)
(क) बेला – (रात, दिन, सुबह, समय)
(ख) प्रयत्न – (डर, काम, कोशिश, लाल)
(ग) आजीवन – (कमज़ोर, आदेश, सारा जीवन, अटपटा)

7. नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलिए। (2x1=2)
(क) मूर्ति
(ख) पतंग

8. 'र' के सही रूप का प्रयोग करके ठीक शब्द लिखिए। (2x1=2)
(क) पतीक्षा
(ख) अशफियाँ

9. नीचे दिए गए वाक्यों में से काम वाले शब्द छाँटकर लिखिए। (2x1=2)
(क) माँ दही जमाना भूल गई।
(ख) शीला किताब लाई।

10. नीचे दिए गए शब्दों के लिए उचित विशेषण भरिए। (2x1=2)
(क) ________ कलियाँ
(ख) ________ हवा

Scanned by CamScanner

खंड - घ (पाठ्यपुस्तक 20 अंक)

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (5x2=10)

(क) नन्हें किसके बचपन का नाम था ?

(ख) बादशाह अकबर के दरबार में कितने मंत्री थे ?

(ग) चूहे को गठरी से क्या मिला ?

(घ) बच्चों ने गणेश जी की मूर्ति कैसे बनाई ?

(ङ) किसी नई चीज़ को देखकर बबलू क्या सवाल पूछता है ?

(च) माली ने नन्हें को क्या समझाया ?

12. किसी एक मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए । (1x3=3)

(क) सुबह की सैर और व्यायम से आपको क्या फ़ायदा होता है ?

(ख) आप अपने कपड़े और वस्तुएँ साफ़-सुथरी रखने के लिए क्या कर सकते हैं ?

13. निम्नलिखित शब्दों के वाक्य बनाइए । (2x1=2)

(क) सुबह

(ख) लड्डू

14. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए । (2x1=2)

(क) चूहे ने __________ टोपी बनवाई।
(तीन, दो, चार, एक)

(ख) बादशाह अकबर के दरबार में एक __________ आया।
(दर्ज़ी, दुकानदार, व्यापारी, गरीब)

15. कविता पूरी कीजिए। (6x½=3)

सूरज की _______ आती हैं

सारी _______ खिल जाती है

_______ सब _______ जाता है

सब _______ सुंदर हो _______ है।

*****

Scanned by CamScanner